www.pib.nic.in

प्रेस सूचना ब्यूरो

भारत सरकार

***

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा राष्ट्रिय राजधानी में अगले सप्ताह तक 250 आईसीयू सहित कोविड मरीजों के लिए करीब 20,000 बेड जोड़े जाएंगे

श्री अमित शाह ने कहा छत्तरपुर में 26 जून तक 10,000 बेड वाले कोविड केयर सेंटर का संचालन शुरू होगा

डीआरडीओ और टाटा ट्रस्ट द्वारा दिल्ली में कोविड मरीजों के लिए 250 आईसीयू सहित सभी सुविधायुक्त 1,000 बेड का अस्पताल 10 दिनों में तैयार होगा- श्री अमित शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा दिल्ली में कोविड मरीजों के लिए रेलवे कोच में 8,000 अतिरिक्त बेड में सशस्त्र बलों के कर्मियों को लगाया गया

23 जून 2020

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा है कि दिल्ली स्थित राधा स्वामी सत्संग ब्यास में 26 जून तक 10,000 बेड वाले कोविड केयर सेंटर का संचालन शुरू हो जाएगा। उन्होने कहा कि केयर सेंटर का काम जोरों पर है और इसका बहुत बड़ा हिस्सा शुक्रवार से संचालित हो जाएगा।

समाचार एजेंसी एएनआई (ANI) द्वारा ट्वीट में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के केन्द्रीय गृह मंत्री को छत्तरपुर में राधा स्वामी सत्संग ब्यास परिसर स्थित कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण करने और सेंटर में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (ITBP) के डॉक्टर और नर्स तैनात करने के अनुरोध की खबर के जवाब में श्री अमित शाह ने अपने ट्वीट में यह बात कही। श्री अमित शाह ने कहा कि तीन दिन पहले हुई हमारी बैठक में इसके बारे में फैसला लिया गया था और केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राधा स्वामी सत्संग केयर सेंटर के संचालन का काम भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल को सौंप दिया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली में कोविड मरीजों के लिए 250 आईसीयू सहित सभी सुविधायुक्त 1,000 बेड का अस्पताल बनाया जा रहा है। केंद्र सरकार के सहयोग से रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और टाटा ट्रस्ट मिलकर इसका निर्माण कर रहे हैं। इस अस्पताल में सशस्त्र बलों के कर्मियों को तैनात किया जाएगा। यह कोविड केयर सुविधा अगले 10 दिनों में तैयार हो जाएगी।

श्री अमित शाह ने कहा कि इसके अलावा, दिल्ली में रेलवे कोच में भर्ती कोविड मरीजों की मेडीकल केयर और देखभाल में भी सशस्त्र बलों के कर्मियों को लगाया गया है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आवश्यकतानुसार कोविड केयर सेंटर बनाने के लिए दिल्ली सरकार को 8,000 अतिरिक्त बेड पहले ही सौप दिये गए हैं।

इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में अगले सप्ताह तक कोविड मरीजों के लिए 250 आईसीयू सहित करीब 20,000 बेड और जुड़ जाएंगे।

https://twitter.com/AmitShah/status/1275416392775290880?s=20

https://twitter.com/AmitShah/status/1275416482130755584?s=20

https://twitter.com/AmitShah/status/1275416578645876737?s=20

***

एनडब्ल्यू/आरके/पीके/एडी/डीडी